डीएवीवी में विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, गृहमंत्री बच्चन ने कहा-

'स्व. इंदिराजी ने भारत को दुनिया में एक शक्ति के रूप में स्थापित किया'

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 09993772680

गृह मंत्री बाला बच्चन ने सोमवार को विजय दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 1971 में पाकिस्तान को धूल चटाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने दुनिया में भारत देश को शक्ति के रूप में स्थापित किया। डीएवीवी परिसर में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में मंत्री बच्चन ने पहले तो मुख्यमंत्री के विजय दिवस पर जारी संदेश का वाचन किया और कहा कि आज का दिन हमारे स्वर्णिम इतिहास की याद दिलाता है। उन्होंने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नेतृत्व कौशल का बखान करते हुए कहा कि दूरदृष्टा पूर्व प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान से न केवल बांग्लादेश को अलग किया, बल्कि फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को समर्पण के लिए मजबूर कर दिया।

इस दौरान गृह मंत्री ने 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के बाद लोस में इंदिरा गांधी द्वारा दिए गए भाषण के एक हिस्से को भी पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर लोकेश कुमार जाटव, इंदौर एडीजी मिलिंद कानस्कर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रुचिवर्धन मिश्र, डीएवीवी की कुलपति रेणु जैन मौजूद थीं। इस अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विजय दिवस समारोह में उपस्थित अतिथिगण।

शौर्य अलंकृत वीरों का विशेष सम्मान

गृह मंत्री द्वारा 1971 में शहीद सिपाही सुभाष कुलकर्णी की पत्नी संध्या कुलकर्णी, फ्लाइट लेफ्टिनेंट (अब एयर मार्शल) हरीशचंद मसंद (रिटायर्ड), विंग कमांडर परमिंदर पाल सिंह क्वात्रा (रिटायर्ड), कर्नल अजीत कमल (रिटायर्ड) का शॉल-श्रीफल देकर विशेष सम्मान किया।

छात्रों में भर गया जोश

राऊ के शासकीय कॉलेज से आए छात्रों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से देशभक्ति का जोश भर जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से विजय दिवस की विस्तृत जानकारी मिली। एनएसएस छात्र रीना बंसल, आयुषी, मोनिका, दीपक, सचिन ने कहा कि वे भी सेना में जाकर देश सेवा करना चाहते हैं।

वीर सैनिकों के शौर्य की गाथाएं दिखाईं

विजय दिवस पर 1971 के युद्ध की चित्रों के माध्यम से झलकियां प्रस्तुत की गईं। रागिनी मक्खर ने शानदार तरीके से नृत्य के माध्यम से देश की ऐतिहासिक लड़ाइयों को प्रस्तुत किया।

'जनता भूमाफियाओं के खिलाफ हो रही कार्रवाई से खुश'

बच्चन ने कहा कि प्रदेश की जनता भूमाफियाओं के खिलाफ हो रही कार्रवाई से खुश है। इस संबंध में मुख्यमंत्री कमलनाथ के पास लोगों के मेल और संदेश आ रहे हैं। संवाददाताओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए बच्चन ने बिना नाम लिए भाजपा की शिवराज सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में प्रदेश अपराधियों, गुंडों का गढ़ बन गया था। इसलिए प्रदेश की जनता को शुद्ध और सुरक्षित वातावरण देने के लिये कमलनाथ सरकार प्रतिबद्ध है।